लोकमत समाचार

आईआईएम नागपुर में छात्राओं का ग्राफ बढ़ा

संदीप दाभेकर। नागपुर। 1 जुलाई

भारतीय प्रबंधन संस्थान, नागपुर की 8वीं बैंच में छात्राओं की संख्या बढ़ी है. 2022-24 की बैच में 42.8 फीसदी छात्राएं हैं, जो पिछली बैचों की तुलना में अधिक है.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पिछली बैच के मुकाबले इस साल छात्राओं की संख्या 20 फीसदी तक बढ़ी है. 2021-23 में कुल प्रवेश क्षमता 257 थी. इसमें 60 छात्राएं थीं. नई बैच के लिए 257 विद्यार्थियों ने एमबीए प्रोग्राम के लिए पंजीयन कराया. इसमें 110 छात्राएं थीं. अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सोमवार तक यह ग्राफ और बढ़ सकता है. संस्थान के निदेशक भीमराया मैत्री ने कहा कि छात्राओं का प्रतिशत बढ़ने के पीछे एक बड़ा कारण समाज की मानसिकता में बदलाव आना है.